भारत सरकार
सहकारिता मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2243
23 मार्च, 2022 को उत्तरार्थ

विषय: ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी व्यापार मॉडल

2243. श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभा:

क्या सहकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार की ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारी व्यापार मॉडल स्थापित करने की कोई योजना है;
(ख) यदि हाँ, तो इस मॉडल के अंतर्गत कौन सी योजनाएं चलाई जा रही हैं; और
(ग) यदि नहीं, तो ग्रामीण क्षेत्रों में सहकारिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या प्रयास किए जा रहे हैं?

उत्तर
सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह)

(क): जी हाँ। कार्य नियमावली के आवंटन के अनुसार, सहकारिता मंत्रालय को निम्नलिखित अधिदेश दिया गया है:

"देश के विकास के लिए अपने सदस्यों के बीच उत्तरदायित्व की भावना सहित सहकारिता आधारित आर्थिक विकास मॉडल को बढ़ावा देना।"

(ख) और (ग): उपरोक्त अधिदेश के अनुरूप, मंत्रालय सहकारिता क्षेत्र के विकास के लिए पैक्स का कम्प्यूटरीकरण, "सहकार से समृद्धि" और सहकारी शिक्षा और प्रशिक्षण के लिए स्कीम तैयार करने के लिए कदम उठा रहा है। इन स्कीमों से ग्रामीण क्षेत्रों में शामिल सभी सहकारी समितियों को लाभ होगा।

******